प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपुर्णा देवी ने सुप्रीम कोर्ट के विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण पर आज दिए फैसले का स्वागत किया है। गिरिडीह जिले के मधुवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपुर्णा देवी ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्र हित में फैसला लेती है लेकिन विपक्ष का काम विरोध करना होता है। मतदाता सूची का स्पेशल पुनरीक्षण राष्ट्रीय हित में था लेकिन विपक्ष ने जनता को गुमराह किया।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाताओं से वोटर लिस्ट मैपिंग अभियान से जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कतों से घबराने की जरूरत नहीं है। जिन लोगों के नाम ऑनलाइन नहीं मिल पा रहे हैं, उनके लिए विशेष कैंप के बाद बीएलओ खुद घर–घर जाकर मैपिंग का काम पूरा करेंगे।

****

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए चुनाव आयोग के मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान को पूरी तरह वैध और संवैधानिक करार दिया है। अदालत ने इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के पास संविधान के अनुच्छेद तीन सौ चौबीस और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत यह पुनरीक्षण कार्य कराने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

****

आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने आज खजुराहो में आयोजित योग महोत्सव–अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिन पहले आयोजित बैठक में भाग लेते हुए कहा कि वृद्धावस्था में स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग का अभ्यास करना अनिवार्य है। इस अवसर पर श्री जाधव ने ऑनलाइन पंजीकरण को सुगम बनाने और वर्ष 2026 के लिए जनभागीदारी बढ़ाने हेतु योग संगम पोर्टल का पुनः शुभारंभ किया और राज्यों तथा संस्थानों में योग के लिए समर्पित स्थान विकसित करने के लिए योग पार्क पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस वर्ष मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय है–स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग। समारोह का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

****

रांची पुलिस ने "ऑपरेशन प्रहार" के तहत पिछले दो दिनों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान 135 से ज्यादा लंबित वारंटों का भी निष्पादन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर और ग्रामीण के नेतृत्व में विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर फरार अपराधियों, वारंटियों और संदिग्धों को पकड़ा गया। रांची पुलिस के अनुसार अपराध नियंत्रण और संगठित अपराध पर कार्रवाई के लिए इस तरह का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

****

चतरा जिले में उपायुक्त रवि आनंद के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध उत्पाद विभाग द्वारा हंटरगंज थाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर गेंजना गांव में अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया। अवैध रूप से बनाई गई शराब को कई ब्रांड की बोतलों में भरकर नकली लेबल और होलोग्राम लगाकर बाजार में बेचने की तैयारी की जा रही थी। अभियान के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक प्रेम प्रकाश उरांव ने बताया कि सभी संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिला के चाईबासा सदर अस्पताल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र में उपायुक्त मनीष कुमार के नेतृत्व में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 टीबी मरीजों के बीच पोषण युक्त फूड बास्केट का वितरण किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने निक्षय मित्र बनकर 51 टी.बी मरीजों को गोद लिया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी टी.बी मरीजों से नियमित रूप से दवा का सेवन करने और समय पर अपना स्वास्थ्य जांच कराने तथा पोषक आहार ग्रहण करने की सलाह दी।